साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI.NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

**सुविचार**
सही फैसला लेना काबिलियत नही है, फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 7, अंक-36 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 14 अक्टूबर 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## रेगर समाज का विशाल जनसमूह जयपुर में

**रामलाल रेगर**

**झालावाड़।** अखिल भारतीय रेगर महासभा के तत्वाधान में 7वां राष्ट्रीय रेगर महासम्मेलन के मुख्य अतिथि अशोक गहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार मंच पर विशिष्ट अतिथि मंत्रीगण एवं विधायकगण आदि डा एस.के. मोहनपुरिया कि अध्यक्षता मैं विद्याधर नगर स्टेडियम में झालावाड़ जिले से अखिल भारतीय रेगर महासभा के जिला अध्यक्ष बद्रीलाल तोणकरिया के नेतृत्व में जिले से भारी संख्या में रेगर समाज पुरुष और महिलाओं ने महासम्मेलन में भाग लिया। महासम्मेलन में मंच अतिथियों मैं से गंगा देवी विधायक बगरू ने जयपुर में रेगर समाज के गरीब की बेटी जयपुर में किराए पर कमरा लेकर रहने में असमर्थ रहती हैं इसी कमी को देखते हुए विधायक गंगा देवी ने मुख्यमंत्री से रेगर समाज की बेटियों के लिए जयपुर में रेगर बालिका छात्रावास के लिए मांग की है। दिल्ली से जयपुर पहुंच कर समाजसेवी अखिल भारतीय रेगर महासभा पूर्व महासचिव चतर सिंह रछौया महा सम्मेलन में दूरदराज से आए रेगर समाज बंधुओं को महासम्मेलन के मुख्य स्वागत द्वार पर खड़े होकर अपने हाथों से रेगर समाज बंधुओं को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की फोटो छपी टी शर्ट, एवं अंबेडकर के पोस्टर वितरण किए मह सम्मेलन में चतर सिंह रछौया आकर्षण का केंद्र रहे। महासम्मेलन में रेगर समाज के कई भामाशाह ने समाज सेवा का लाभ लिया। महासम्मेलन को सफल करने में कुदरत ने भी दिया साथ बेमौसम बारिश के चलते हैं महासम्मेलन समापन तक मौसम साफ रहा। महासम्मेलन में भारी संख्या में रेगर समाज के व्यक्ति मौजूद रहे। जानकारी रामलाल रेगर ने दी।





## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2022 के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के द्वार शिविर आयोजित किया गया

**युवा प्रदेश ❑ भोपाल।**

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2022 के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के आदेश अनुसार एवं पं खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान के डीन प्रोफेसर डा उमेश शुक्ला के मार्ग दर्शन में संस्थान के कायचिकित्सा विभाग द्वारा आज दिनाक 9/10/2022 को पंचशील नगर में राष्टीय आयुर्वेद दिवस के समापन अवसर पर वृद्धा अवस्था जन्य रोगों का शिविर लगाया गया जिसमे मधुमेह के 50 रोगी उच्च रक्तचाप के 30 रोगी एवम अन्य बीमारियों के 30 रोगियों का निशुल्क स्वास्थ परिक्षण कर व्याधियों के बचाव संबंधी मार्ग दर्शन दिया गया तथा फलों का वितरण किया गया द्य शिविर में प्रोफेसर डा राजेश मेश्राम विभाग अध्यक्ष मेडिसिन विभाग , डा स्वेतल शिवहरे, डा विवेक शर्मा , डा श्रद्धा शर्मा एवं डा अजीत, डा श्रद्धा, डा आरती, डा वीनू, एवम डा प्रीति ने उपस्थित होकर शिविर को सुचारू रूप से संचालित किया पंचशील नगर के रहवासियों ने इस शिविर की काफी प्रशंसा की एवम भविष्य में इस तरह के अन्य शिविर लगाने का आग्रह किया।





## शिक्षक द्वारा बच्चों को शारीरिक दण्ड देना कितना गंभीर अपराध होगा जानिए/JJ act,2015.... ।



बचपन में अगर किसी बच्चों के दिमाग में डर बिठा दे तो वह डर उस बालक के दिमाग में हमेशा के लिए बना रहता है और इसका परिणाम यह होता है की वह बालक बड़े होकर भी उस डर को दिमाग से निकाल नहीं पता है। इसीलिए किशोर अधिनियम में ऐसे व्यक्ति को दण्डित करने का प्रावधान है जो किशोर बालक की किसी भी प्रकार का शारीरिक दण्ड देते हैं जानिए।

**किशोर न्याय (बालको की देख रेख एवं सरंक्षण) अधिनियम,2015 की धारा 82 की परिभाषा?**

1. कोई संस्था (जिसके अंतर्गत,कोचिंग, स्कूल, कॉलेज, आवासीय विद्यालय,होस्टल आदि ) का भारसाधक व्यक्ति या कोई बालक से करवाने वाला ठेकेदार किशोर बालक को जानबूझकर कर अनुशासन हीनता के लिए किसी भी प्रकार का शारिरीक दण्ड देगा तब ऐसे व्यक्ति पर दस हजार रुपए जुर्माना एवं दुवारा यही अपराध करेगा तब तीन माह की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जाएगा।
2. अगर कोई संस्था भारसाधक व्यक्ति इस धारा के अंतर्गत दोषी होता है तब उस व्यक्ति को सेवा से पदच्युत के दण्ड से दिया जाएगा अर्थात उसे नोकरी से हटाने का दंड दिया जाएगा।

**विशेष नोट-** धारा 82 की उपधारा (3) बहुत महत्वपूर्ण है यह धारा यह नियम बनाती है जब किसी व्यक्ति को धारा 82 के उपर्युक्त उपधारा(1) के दोषसिद्धि कर दिया गया है एवं किसी समिति, बोर्ड, सरकार या न्यायालय के आदेश का संस्था प्रबंधक जानबूझकर कर अनुपालन करता है या ऐसे व्यक्ति को दंडित नहीं करता है जिसने बालक को शारीरिक दण्ड दिया था तब संस्था के भारसाधक अधिकारी को तीन वर्ष से अधिक कारावास जो सात वर्ष तक की भी हो सकती है से और जुर्माना एक लाख रुपए से दण्डित करती है।

यह धारा किसी भी प्रकार से बच्चों को शारीरिक दण्ड देने वाले को क्षमा नहीं करती है।,

**- कानूनी जानकर लेखिका रागिनी सिंह इंदौर**
**मोबाइल 8349039543**

## मध्यप्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह (पूर्व कलेक्टर) ने कांग्रेस वचन पत्र 2023 के लिए लगाई चौपाल

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**
**मोबाइल 8878054839**

**भोपाल।** ओबीसी वर्ग सहित अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों के परम हितैषी मध्यप्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व डिप्टी कलेक्टर श्री महेंद्र सिंह जी ने भोपाल वल्लभ भवन के सामने पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति /जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए कांग्रेस क्या कर सकती है। कौन से अवश्यक योजना बने। तथा उनका सोच बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के प्रति इतना सराहनीय व ज्ञान वर्धक रहा कि वह बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के विचारों के धनी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी ने कांग्रेस वचन पत्र 2023 के लिए सुझाव और मुद्दे व संकलन करने के लिए सदस्य बनाया गया है। मै उनके लिए सामाजिक, आर्थिक व व्यापारिक और इतिहासिक मुद्दे जरुर रखूँगा। आगे बोला कि मध्यप्रदेश के अनेक अमर शहीद हुए है। जिन्हें आज तक सम्मान नहीं दिया गया है। क्यों? साथ वह चाहते हैं कि मुझे कोई मुद्दा दे ताकि वह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और आगामी होने वाली चुनाव वचन पत्र 2023 की बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत करुं।



इस बैठक में श्री के. पी. सिंह पटैल भोपाल, श्री बलवान सिंह कुशवाहा पन्ना, श्री राजू पटैल रीवा, श्री हरगोविंद लोधी भोपाल, श्री रामविलास पटैल भोपाल, दिनेश पटैल भोपाल एवं मूलचन्द मेधोनिया अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नेता और पत्रकार शामिल हुये। जिन्होंने कहा कि मेरी तीन पीढ़ियों से जिला नरसिंहपुर के चीचली नगर के अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्टीय शहीद का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है। आज प्रदेश व देश की अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिकों के द्वारा मांग की जा रही है कि उन्हें सम्मान मिले तथा उनके उत्तराधिकारी परिवार को भी सम्मान प्रदान मिले। उक्तशाय के सन्दर्भ में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस मध्यप्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह जी ने बैठक /चौपाल में आश्वस्त किया है कि मैं अपने पिछड़ा वर्ग कांग्रेस व ओबीसी समाज संगठनों की ओर से समर्थन करता हूँ। तथा शीघ्र श्री कमलनाथ जी को पत्र लिखकर सुझाव पेश करुंगा। श्री सिंह जी के उक्त आश्वासन पर सभी ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की है।

## ओबीसी महासभा ने नेताजी एवं बहुजन नायक मुलायम सिंह यादव जी को अर्पित की श्रद्धांजलि।





**युवा प्रदेश ❑ राजनगर**

राज नगर रामबाग चौराहे पर ओबीसी महासभा के समस्त पदाधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें ओबीसी महासभा के समस्त पदाधिकारी जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल प्रदेश सचिव नरेंद्र भाई पटेल खर्रोही एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रानी रेकवार जी , किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चरण सिंह पटेल , लाल जी पटेल संभागीय उपाध्यक्ष ,छात्र मोर्चा प्रचारी केवल पटेल , राजेश यादव जिला महामंत्री ओबीसी महासभा, भागीरथ पटेल ग्राम अध्यक्ष , विनोद पटेल ओबीसी महासभा प्रचारक एवं पूर्व प्रत्यासी राजनगर बीएसपी.जाहर सिंह यादव विधानसभा उपाध्यक्ष ओबीसी महासभा, राजू सेन ओबीसी महासभा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल ओबीसी सदस्य ,पहलाद यादव राजनगर ,राजेंद्र यादव , भगत सिंह यादव राजनगर, राजू पटेल ओबीसी विधानसभा उपाध्यक्ष सहित मीडिया प्रभारी कालीचरन भारतीय खजुराहो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक स्थान पर वाहन खड़ा कर देना जिससे की यातायात रुक जाए तब वाहन स्वामी पर क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए/MV Act,1988



बहुत से लोगो की आदत होती है वाहन को ऐसे स्थान पर लगा देना जिससे यातायात रुक जाता है एवं वाहनो के साथ साथ आम नागरिकों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। हम अक्सर सड़क किनारे या किसी माल, शॉप, इंस्टीट्यूट आदि संस्था के पास भी ऐसा ही देखते हैं कि हमारे के पास कोई इस तरह से अपना वाइक या गाड़ी खाड़ी करके चला जाता है जिससे हमारी वाइक या गाड़ी निकल नहीं पाती है ओर निकलने का रास्ता रुक जाता है तब ऐसे गलत तरीके से वाहन खड़े करंने वाले चालक या वाहन स्वामी के खिलाफ क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए।

**मोटर यान अधिनियम,1988 की धारा 201 की परिभाषा?**

जो कोई व्यक्ति जानबूझकर किसी ऐसे सार्वजनिक स्थान पर वाहन खड़ा करेगा जिससे यातायात में रोक उत्पन्न हो या सड़क पर जाम लगने की संभावना हो तब ऐसे वाहन चालक या स्वामी पर पाँच सौ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**नोट-** अचानक वाहन का खराब होना या पंचर, हवा निकलने पर वाहन खड़ा हो जाता है तब अगर यातायात में रोक उत्पन्न होती है तब यह धारा लागू नहीं होगी।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान**(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ युवा प्रदेश समाचार पत्र अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)

# बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान मे मनाया गया मान्यवर साहब का परिनिर्वाण दिवस





**कालीचरण भारतीय ❑ छतरपुर**

बहुजन समाज पार्टी ने बहुजन नायक , डीएस 4, बामसेफ , बहुजन समाज पार्टी के संथापक मान्यवर साहब कांसीराम साहब का 16वे परिनिर्वाण दिवस एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ..जिसमें मान्यवर साहब के विचारों पार्टी के वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए..कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्तिथि रहे मा.सुनील बघेल जी (प्रदेश प्रभारी मध्यप्रदेश) जिला अध्यक्ष शंकर लाल अहिरवार जी ने कार्यक्रम् की अध्यक्षता की..विशिष्ट अतिथि के रूप के के एल बौद्ध जी उपस्तिथि रहे, साथ ही मंच का संचालन सूचारु रूप से भानु प्रताप जी पूर्व विधान सभा अध्यक्ष बड़ा मलहारा..ने किया साथ ही ..पार्टी के वशिष्ठ कार्यकर्ता नानू राम नेता जी, डी डी अहिरवार लवकुशनगर, जिले का पदाधिकारी मा.महेंद्र कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष , योगेंद्र सिंह जिला महासचिव, कपूर चंद्र लोधी जी जिला सचिव, राजाराम पाठक जी जिला कोषाध्यक्ष, दीपक जी जिला वी व्ही एफ संयोजक सहित,पूरन जी,सतीश जी, राजनगर विधान सभा प्रभारी प्रमोद अहिरवार जी, तीरथ सिंह कुशवाहा, विनोद पटेल पूर्व विधानसभा प्रत्यासी राज नगर , चरन सिंह पटेल , राजू पटेल खजुराहो , सहित कालीचरण अहिरवार सेकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करने पर होगी कार्यवाही

# अवैध शराब विक्रय करते 40 गिरफ्तार, 221 ली. अवैध शराब जप्त







**युवा प्रदेश ❑ अनूपपुर**

माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के द्वारा नशे एवं अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार विगत 02 दिवस में अनूपपुर पुलिस के द्वारा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के 40 प्रकरणों में 221 लीटर अवैध शराब जप्त कर 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 15 व्यक्तियों एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले 08 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत होटल, लॉज एवं ढाबों में अवैध शराब विक्रय के संबंध में सघन चेकिंग करायी जा रही है। अवैध मादक पदार्थों का नशा कराने वाले 36 संभावित स्थानों एवं अवैध शराब पीने/पिलाने वाले 12 स्थानों की सघन चेकिंग की गयी है। आमजन को जागरूक करने हेतु 22 चिन्हित स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया है। नशे/मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अनूपपुर पुलिस के द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 6232266999 जारी किया गया है। एवं आमजनों से अपील की गई है, कि किसी भी प्रकार की अवैध मादक पदार्थों/अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन की सूचना इस नंबर पर दें। सूचना के संबंध में त्वरित कार्रवाई की जाएगी एवं सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्णता गुप्त रखा जाएगा।

# महाकाल लोक लोकार्पण विशेष:अद्भुत एवं अलौकिक कलाकृतियों से भरा है विराट मंदिर

**कैलाश वर्मा ❑ शहडोल।**

ज्योर्तिलिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में दर्शनार्थियों की सुविधा, विस्तार और सौन्दर्यीकरण के निमित्त नवनिर्मित ‘महाकाल लोक’ के प्रथम चरण का लोकार्पण 11 अक्टूबर 2022 को सायं 5 बजे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से होगा। महाकाल मंदिर में सृजन, सौन्दर्य और सुविधाओं का नव संगम ‘महाकाल लोक’ के निर्माण से प्रदेश का जन-जन उल्लासित है। उज्जैन में विराजित भगवान शंकर को ‘महाकाल’ के नाम से जाना जाता है, मध्यप्रदेश में कई ऐसी अमूल्य धरोहरें हैं, जो प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का नाम भी रोशन करती हैं। ऐसा ही राजा विराट की नगरी विराटनगर अर्थात शहडोल में भी एक ऐसा ही ऐतिहासिक मंदिर है, जो अपने अंदर कई सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, कलात्मक खूबसूरती बटोरे हुए है। कल्चुरी कालीन इस मंदिर को लोग ÷विराट मंदिर÷ के नाम से जानते है। इसकी अद्भुत एवं अलौकिक कलाकृतियां से भरा विराट मंदिर को देख लोग भी हतप्रभ रह जाएंगे।

## विराट मंदिर का इतिहास

विराट मंदिर का इतिहास 10वीं,11वीं शताब्दी का है.कलचुरी राजा युवराज देव प्रथम ने मंदिर का निर्माण कराया था। विराट मंदिर पूरी तरह से भगवान शिव को समर्पित है.मंदिर की लंबाई 46 फीट, चौड़ाई 34 फीट और ऊंचाई 72 फीट है। मंदिर का तल विन्यास महामंडप, अंतराल वर्गाकार गर्भगृह में विभाजित है। ये मंदिर सप्त रची शैली, वास्तु शिल्पन में शिल्पित किया गया है.विराट मंदिर में स्थित ये शिवलिंग अति विशिष्ट है। जो आकर्षण का केंद्र हैं.शिवलिंग पर पूरे ब्रह्मांड का एक प्रतीक स्वरूप में अंकित है।



## अद्भुत है विराट शिव मंदिर

अद्भुत है विराट शिव मंदिर। शहडोल जिले के इस विराट शिव मंदिर को लेकर पुरातत्वविद कहते हैं कि शहडोल संभाग का यह अति विशिष्ट शिव मंदिर है, यह विराटेश्वर शिव मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर का निर्माण कल्चुरी नरेश युवराज देव प्रथम ने करवाया था। इस मंदिर का निर्माण 10 वीं 11 वीं सदी ईस्वी में कराया गया था। जहां इतने बड़े मंदिर के गर्भगृह में छोटे शिवलिंग हैं, जो अपने आप में अनूठा है। विराट नगरी अनेक ऋषि मुनियों की तपोस्थली रही है। इसलिए विराट नगरी धार्मिक नगरी के साथ-साथ एक आध्यात्मिक केन्द्र है। ज्योतिषाचार्य के मत के अनुसार इस शिवलिंग के दर्शन कर लेने मात्र से ही बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का लाभ मिल जाता है। इसलिए छोटी शिवलिंग है और शिवलिंग छोटी होने से 12 ज्योतिर्लिंगों उसमें समाहित है, इसलिए इसका विशेष महत्व है। विराटनगर की भौगोलिक संरचना चारों ओर वनो में आच्छादित है, यहाँ विभिन्न औषधीय वृक्ष भी पाए जाते हैं, यहां साल (सरई) के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं। विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला से घिरा विराटनगर जिसके पड़ोस में अमरकंटक वन आच्छादित, नैसर्गिक और प्राकृतिक छटाओं से आच्छादित है। विराट नगरी में हर वर्ष 14 जनवरी अर्थात मकर संक्रांति के दिन से 7 दिनों का मकर संक्रांति के मेले का आयोजन किया जाता है, जो बहुत ही आकर्षक एवं लोगों का मन मोह लेने वाला मेला होता है, जहां दूर-दूर से लोग आकर मेले का लुफ्त उठाते हैं।



## विराट मंदिर की कलाकृति एवं भव्यता करती है आकर्षित

विराट मंदिर पूर्वाभिमुख मंदिर शिव को समर्पित है, इसके गर्भ गृह में शिवलिंग जलहरी प्रतिस्थापित है, इसके गर्भ गृह में जो द्वार शाखाएं हैं वह देवी-देवताओं युक्त हैं, जिसमें मध्य में नटेश शिव बाईं ओर गणेश और दाईं और सरस्वती का अंकन है, जो अति विशिष्ट रूप में है। जिसे देखने आने वाले देखते ही भाव विभोर हो जाते है। इसके अलावा भी अंदर अन्य प्रतिमाएं भी रखी हुई है देवी देवताओं की जो अद्भुत हैं।

विराट मंदिर नैसर्गिक भव्यता, सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन, जनजातीय परम्परा, समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर कला के साथ विराट नगर क्षेत्र में पाए जाने वाले औषधीय पौधे से नेत्र शक्तिवर्धक अर्क प्राप्त होता है यहां अनेकों औषधीय जड़ी-बूटी पाई जाती है। यहाँ का वातावरण इतना सुरम्य, मनोरम है कि यहाँ सहज ही लोग और प्रकृति प्रेमी खिचे चले आते हैं। विराटनगर में में ठहरने और भोजन के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन निगम का हालीडे होम, निजी होटल, आश्रम, धर्मशालाएं, कॉटेज आदि संचालित है।

## विराट मंदिर की कलात्मकत कलाकृति की विशेषताएं

विराट मंदिर की कलात्मक कलाकृति खजुराहो के मंदिरों की यादें ताजा हो जाएगी। मंदिर के कलाकृतियों की बात ही अनोखी एवं निराली है जो पर्यटकों का मन मोह लेती है। विराट मंदिर के मंदिर के बाह्य भाग में मुख्यत: जंघा भाग में जो प्रतिमाएं हैं, वह तीन क्रम पर हैं, जिसमें शिव के विभिन्न स्वरूपों जो उनके विभिन्न अवतार हैं और उनका परिवार है। दिग्पालों की प्रतिमाएं हैं और विष्णु के भी विभिन्न स्वरुप है। इस मंदिर में ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिदेव का भी अंकन है। इसमें देवी गौरी व नवदुर्गाओं के भी कुछ स्वरूपों का अंकन किया गया है। यह विशिष्ट रूप से विद्यमान हैं। अलग-अलग तरह के अप्सराओं का भी मंदिर में शिल्पन देखने को मिलता है. जो विभिन्न प्रकार की अप्सराएं है।


# किसान सभा बसूरिया इकाई ने सचिव को सौपा ज्ञापन

## निराकरण न होने पर होगा जनांदोलन

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल**

**सालीचौका।** गाडरवारा मध्यप्रदेश किसान सभा इकाई बसूरिया तहसील गाडरवारा द्वारा सचिव ग्राम पंचायत बसूरिया के नाम ग्रामपंचायत कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है दबंगो द्वारा अतिक्रमण किया गया है तत्काल हटाया जाए। हाईस्कूल बसूरिया से लगे नाले पर बनी अबैध दुकानों को हटाकर नाले की सफाई की जावे जिससे स्कूली छात्र छात्राओं को बदबू मारती गन्दगी एवं मच्छरों से निजात मिले। हाईस्कूल ग्राउंड का पुराव किया जाए निससे उसमें पानी न रुके नाले द्वारा बाहर निकाला जाए। मजदूरों के बंद पड़े जाबकार्ड चालू किये जावें। बसूरिया ग्राम में हर रास्ते पर पानी बहता रहता है पँचायत व्यवस्था कर नाली निर्माण कराये। एस डी एम महोदया द्वारा हाईस्कूल की गंदगी नाले पर अबैध दुकानों को हटाने का सचिव सरपंच को कहा था पन्द्रह दिन से अधिक समय हो गया है। ग्राम पंचायत तत्काल उपरोक्त समस्याओं का निदान करे अन्यथा किसान सभा इकाई बसूरिया धरना प्रदर्शन आंदोलन करने मजबूर होगी जिसकी जबाबदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने बालों में बसूरिया इकाई अध्यक्ष बिश्राम वर्मा,हेमराज वर्मा दीना वर्मा,परसोत्तम वर्मा, कमलेश,ओमकार मंजू, आजाद,रामकुमार, किसान सभा तहसील उपाध्यक्ष लीलाधर वर्मा के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।





विषयान्तर्गत निवेदन है कि ग्राम पंचायत बसुरिया में जो हाईस्कूल के आसपास जो अतिक्रमण है उसे हटवाया जाये एवं सभी माँगो को जल्द से जल्द पूर्ण किया जावे। यदि कोई ठोस कदम नही उठाये जाते है तो आने वाले में किसान सभा इकाई बसुरिया अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# ब्लैक स्पॉटों के सुधार कार्य के धीमी गति पर कमिश्नर ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी, कहा मुझे रिजल्ट चाहिए नही तो होगी कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही

**युवा प्रदेश ❑ शहडोल।**



कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने शहडोल संभाग के सड़कों में चिन्हित ब्लैक स्पॉटों के सुधार कार्य के धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए है कि ब्लैक स्पॉटों के परिशोधन के कार्य में मुझे रिजल्ट चाहिए अन्यथा मै जवाबदेह अधिकारियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करूंगा।

कमिश्नर ने कहा है कि निर्माण विभागों के अधिकारी निर्माण एजेंसियों के आदमी नही है जो निर्माण एजेंसी कार्य नही करती है, विलंब से कार्य करती है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही होना चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग के सभी कलेक्टर्स सड़कों के ब्लैक स्पॉट के परिशोधन एवं साइनेस लगाने के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित करे तथा जिला स्तर पर निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठके लेकर की निरंतर मॉनिटरिंग भी करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं और शहडोल संभाग में लोक निर्माण विभाग एवं अन्य निर्माण एजेसिंयों द्वारा कहा-कहा सड़कों की मरम्मत की गई है, सड़कों का निर्माण किया गया है और सड़कों के गडढों को समतल किया गया है, ब्लैक स्पॉट में कहा-कहा सुधार किया गया है इसका सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से कराएं तथा कमिश्नर कार्यालय को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा आज संभाग स्तरीय बैठक में सड़कों के ब्लैक स्पॉट के परिशोधन एवं सड़कों के गड्ढों की मरम्मत कार्य की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थें। बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री डीसी सागर, कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य, कलेक्टर उमारिया श्री संजीव श्रीवास्तव, कलेक्टर अनूपपुर सुश्री सोनिया मीणा, पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मनीषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, लोक निर्माण विभाग के श्री आर.एस. भील, जिला परिवहन अधिकारी श्री आशुतोष भदौरिया एवं निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थें। बैठक में कमिश्नर ने सड़कों में ब्लैक स्पॉट परिशोधन एवं साइनेस लगाने के प्रगति कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि इस कार्य में अपेक्षित प्रगति नही हुई है। कमिश्नर ने कहा कि आगामी 1 माह में शहडोल संभाग के सभी सड़कों में ब्लैक स्पॉट का परिशोधन का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए तथा जो मार्ग पूर्ण हो चुके है ऐसे मार्गों में साइनेस बोर्ड लगाने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि सड़कों में गड्ढे नही होने चाहिए अन्यथा आप पर सख्त कार्यवाही करूंगा। बैठक में कमिश्नर ने पतखई घाट में ब्लैक स्पॉट परिशोधन कार्य के प्रगति की जानकारी ली। वहीं पोंडा नाला में मुख्य मार्ग में पानी के भराव की समस्या से निजात पाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में रेल्वे के अधिकारियों से चर्चा करे तथा कार्य योजना तैयार कर पोंडा नाला के मुख्य मार्ग में पानी के भराव को रोकने के लिए कार्य करें। बैठक में राष्टीय सड़क प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि शहडोल संभाग में 26 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गए है जिसके सुधार कार्य हेतु टेंडर की कार्यवाही हो चुकी है। बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री डीसी सागर ने कहा कि दुर्घटना रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट परिशोधन का कार्य संयुक्त मॉनिटरिंग से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहॉ-जहॉ सड़कों में सुधार किया जा रहा है उन स्पॉटों का संयुक्त रूप से भ्रमण होना चाहिए।

## नगर परिषद चीचली शीघ्र नाली बनवाये : नाली व बारिश का पानी घर में आने से घर गिरने की संभावना

### अनुसूचित जाति के परिवार है परेशान

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल**
**8878054839**






**चीचली।**(नगर परिषद) चीचली जिला नरसिंहपुर का गरीब परिवार मेन रोड सूखाखैरी रोड पर वर्षों से कच्चे घर में जीवन यापन कर रहे है। जो पत्रकार मूलचन्द मेधोनिया का पुस्तैनी घर है। उक्त घर में शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी का परिवार रहते हैं। चीचली बाजार से रोड सूखाखैरी गांव जाता है। जहाँ पर नगर का निस्तारित गंधा पानी और नगर के बाहरी बारिश का पानी भी इस मुख्य रोड से होकर जाता है। जहाँ पर नाली न होने के कारण किसी भी प्रकार की नालीकरण की व्यवस्था भी न होने की वजह से अनुसूचित जाति के परिवार के घर में पानी घुस रहा है। गौरतलब हो कि अजा परिवार नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 9 के निवासी है, जो कि परिषद के अध्यक्ष श्री बबलू सिंघानिया का वार्ड है। वह इस वार्ड से कांग्रेस पार्षद निर्वाचित होकर परिषद अध्यक्ष भी है। जहाँ पर नाली न होने के कारण अजा परिवार सहित अन्य समुदाय के लोग भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकार मूलचन्द मेधोनिया ने हाल समाचार लिखे जाने के पूर्व परिषद अध्यक्ष श्री बबलू सिंघानिया से मोबाइल पर उक्त परेशानी और नाली की व्यवस्था कराये जाने का अनुरोध किया है। जिन्होंने शीघ्र नगर परिषद से दो कर्मचारियों को अभी भेजकर नाली की तत्काल व्यवस्था कराये जाने का आश्वासन दिया है। परिषद अध्यक्ष के द्वारा यदि शीघ्र नाली के पानी निकासी की व्यवस्था कराई जाती है तो अजा परिवार के घर गिरने से बच सकते है। अन्यथा उक्त कच्चे मकान कभी भी गिर कर नष्ट हो सकते हैं। जिससे परिवार के लोगों को रहन/बसर करने की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अतः नगर परिषद चीचली के अध्यक्ष महोदय नालीकरण की समस्या को तत्काल हल करने पर ध्यान दे। यदि न होने पर घर गिर जाने से कोई जानमाल की घटना हो सकती है।

## अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग अशोकनगर के जिलाध्यक्ष बनेःश्री महोबिया






**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष , कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्टीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, चंदेरी विधायक गोपाल सिंह चौहान, पूर्व मंत्री प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश अध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति आयोग सदस्य राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रदीप अहिरवार द्वारा अशोकनगर जिले में चंदेरी विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि नथन सिंह महोबिया( अहिरवार) को अनुसूचित जाति विभाग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। महोबिया की जिलाध्यक्ष के पद रूप में नियुक्ति भोपाल कांग्रेस कार्यालय में स्वयं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रदीप अहिरवार द्वारा मिठाई खिलाकर एवं नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिला सचिव दीपेंद्र जाटव भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष पर नियुक्ति होने पर नथन सिंह महोबिया ने राज्यमंत्री दर्जा प्रदीप अहिरवार सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर वह हमेशा खरा उतरने का प्रयास करेंगे। महोबिया के जिलाध्यक्ष बनने पर चंदेरी विधायक गोपाल सिंह चौहान डग्गी राजा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुखभान सिंह यादव, जिला कांग्रेस सहित उनके ईष्ट मित्रों, सहयोगियों और शुभचिंतकों ने बधाईयां और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## कई हितग्राहियों के राशन कार्ड दबाए बैठा है राशन दुकान का मालिक, लोगों ने भेजा वीडियो हितग्राहियों के द्वारा भेजी गई वीडियो

**युवा प्रदेश ❑ शहडोल।**





मंगला धुरी पारा की राशन दुकान के रवैये से ऐसे तमाम लोग परेशान हैं जिन्हें इस दुकान से राशन पानी लेना होता। किसी सज्जन ने हमारे पास वीडियो भेजे हैं। जिसमें राशन दुकान खुलने का इंतजार कर रही महिलाएं दुकानदार के बारे में शिकायती लहजे में बात कर रही हैं। इस दुकान से धुरी पारा तथा मंगला के कुछ हिस्से और दीनदयाल नगर में रहने वालों को कार्ड पर राशन मिला करता है। लेकिन राशन दुकानदार ने हितग्राहियों के राशन कार्ड अपने पास दबा कर रख लिए हैं और राशन के लिए उन्हें आजकल आजकल कह कर लगातार टरका रहा है। हमारे पास भेजे गए वीडियो में आप खुद देख लीजिए राशन दुकानदार को लेकर क्या कह रहे हैं लोग ।। एक बात और.. इस मामले में जब हमने मंगला के पार्षद से बात की और उन्हें राशन दुकानदार से लोगों को हो रही परेशानी की जानकारी दी। तब मंगला पार्षद श्री श्याम पटेल ने कहा कि राशन दुकानदार को आवंटन ही प्राप्त नहीं हुआ था। उन्होंने दो-तीन दिनों में राशन वितरित होने की जानकारी दी और अधिक कुरेदने पर श्री श्याम पटेल ने राशन दुकानदार को दूध का धुला बताते हुए कहा कि उसके द्वारा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं की जा रही है।

## बहुजन समाज पार्टी जिला झालावाड़ जिला प्रशासन से मांग कि किसानों के फसल खराब, पटवारी, तुरन्त सर्वे कर, राहत प्रदान की जावे।

**संवाददाता,**

**राम लाल रेगर झालावाड़ राजस्थान**





**झालावाड़।** बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई झालावाड़ के जिला अध्यक्ष रामभरोस बैरवा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा 12 अक्टूबर को माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्टर झालावाड़ को ज्ञापन सौंपा तथा ज्ञापन में बताया कि इस वर्ष सीमा से ज्यादा बारीश होने से जिले के किसानो की फसल पानी में डूब कर खत्म हो गई है। जिले में 80 प्रतिशत किसानो की फसले खराब हुई है। किसान इस समय मायूस है बर्बादी के कगार पर है। पहले ही किसानों को लहसुन ने खूब रूलाया है किसानो की कोई सुध लेने वाला नहीं है। बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई झालावाड़ जिला प्रशासन से मांग करती है कि किसानों के फसल खराबे का पटवारी, कानूनगो से तुरन्त सर्वे करवाकर राहत प्रदान की जावे। किसानों को राहत पहुंचाने के लिए किसानों को प्रतिबीघा 15000 रूपये से मुआवजा दिया जावें। साथ ही दीपावली का त्यौहार नजदीक है फसले खराब होने से किसानो को त्यौहार नहीं के बराबर हो पायेगा इसिलए जिला प्रशासन किसान की खराब फसलो का सर्वे करवाकर दीपावली से पहले मुआवजा दे ताकि किसान अच्छी तरह से त्यौहार मना सकें बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई झालावाड़ किसानो के सुख-दुःख में हमेशा यह पार्टी साथ रहेगी तथा किसानों को तुरन्त मुआवजा दिये जाने की मांग की गई इस पर जिला कलेक्टर महोदय ने किसानों को मुआवजा दिलवाये जाने का भरोसा दिलवाया। ज्ञापन देने वालो में बहुजन समाज पार्टी जिला अध्यक्ष रामभरोस बैरवा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामस्वरूप बैरवा, रणजीत सिंह यादव, पूर्व लोकसभा प्रभारी चन्द्रसिंह किराड़, जिला महासचिव सियाराम बैरवा, जिला कोषाध्यक्ष महावीर बैरवा, विधानसभा अध्यक्ष खानपुर छोटूलाल बैरवा, जिला प्रभारी डालूराम मेघवाल, मकसूद मंसूरी, डग विधानसभा अध्यक्ष विष्णु पंवार, झालरापाटन विधानसभा अध्यक्ष सूफी हाफिज, जाकिर हुसैन, गजराज जाट, बालचन्द बैरवा, रामलाल बैरवा, भूपेन्द्र कुमार, पीरू खां, धनराज यादव, राजेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# किसानो के खेतो तक तमाम प्रबंध प्रत्यक्ष रूप से सुनिश्चित किए जाएंः शैलेन्द्र सिंह

**विदिशा**

कृषि उत्पादन आयुक्त श्री शैलेन्द्र सिंह ने सोमवार को भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलो में कृषि आदान कार्यो की गहन समीक्षा की। व्हीसी के माध्यम से आयोजित उक्त बैठक में उन्होंने जिलो के कलेक्टरों के साथ-साथ अन्य अधिकारियो को निर्देश दिए है कि कृषि संबंधी तमाम प्रबंध किसानो के खेतो तक प्रत्यक्ष रूप से दर्ज हो के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने जिलेवार खरीफ व आगामी रबी फसल के लिए किए जाने वाले प्रबंधो की बिन्दुवार समीक्षा की है जिसमें मुख्य रूप से खाद, बीज की उपलब्धता के अलावा फसलो के क्षेत्राच्दान में हुए परिवर्तन, उत्पादकता में बढोतरी के लिए की गई तैयारियां, रबी फसल के दौरान उर्वरक व्यवस्था के तहत डीएपी, एनपीके, एसएसपी तथा डीएनपी . एनपीके के अलावा आदान गुण नियंत्रण अंतर्गत वर्ष 2022-23 के लिए निर्धारित लक्ष्य बिन्दु तदानुसार उर्वरक गुण नियंत्रण के लक्ष्य, कीटनाश्क गुण नियंत्रण के लक्ष्य तथा बीज गुण नियंत्रण के लक्ष्यों की जिलेवार समीक्षा



की है। बैठक में रबी बीज की उपलब्धता के लिए विभागीय योजनाओं के तहत बीज की फसलवार उपलब्धता की भी जानकारी प्राप्त की गई है जिसमें गेहूं, चना, मटर, मसूर, सरसो, अलसी की क्विंटल मात्रा के आधार पर बीज की आवश्यकता व उपलब्धता के अलावा प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिए मास्टर ट्रेनर्सो, पंजीकृत किसानो की संख्या, रबी हेतु प्रस्तावित कृषको की संख्या, प्राकृतिक खेती हेतु प्रस्तावित रकवा हेक्टेयर में, प्रशिक्षित कृषको की संख्या के अलावा कृषि संगणना वर्ष 2021-22 के आयोजन हेतु जारी समय सारणी तथा मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत निहित बिन्दुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। व्हीसी के माध्यम से आयोजित उपरोक्त समीक्षा बैठक के दौरान एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के द्वारा जिले में बाढ, अतिवृष्टि से हुई भण्डारित उर्वरकों की क्षति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। किसानो, पशुपालको एवं मछुआरो को जारी होने वाले केसीसी तथा समितियों, डबल लॉक में भण्डारित विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया है। इस अवसर पर सहकारिता विभाग की उपायुक्त श्रीमती सुरेखा आनंद अहिरवार, कॉ-आपरेटिव बैंक के सीईओ विनय प्रकाश सिंह, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक पीके चौकसे, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक केएल व्यास, मत्स्य विभाग के सहायक संचालक संतोष दुबे, पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक ओमप्रकाश गौर, जिला विपणन अधिकारी श्रीमती जेनेफर खॉन, विदिशा कृषि उपज मंडी के सचिव कमल कुमार बगवैया, कृषि विभाग के सहायक संचालक महेन्द्र सिंह ठाकुर समेत अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत इमलिया में संत रविदास पार्क बनाने हेतु मिली स्वीकृति



**युवा प्रदेश ❑ भोपाल**

तहसील हुजूर के विधायक जी श्री रामेश्वर शर्मा जी ने ग्राम पंचायत इमलिया में संत रविदास पार्क बनाने हेतु स्वीकृति दी और जिसमें माननीय मान सिंह सूर्यवंशी जी और प्रकाश भैया जी ने माननीय विधायक रामेश्वर शर्मा जी से मिलकर स्वीकृति ली जिससे इमलिया में प्रथम संत रविदास जी का पार्क बनने जा रहा है जिसमें गरीब परिवार के बच्चों के विवाह का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिससे गरीब परिवार के बच्चों का विवाह सरल और सफलतापूर्वक पूर्ण हो सकेगा इसमें विधायक जी का बहुत-बहुत योगदान रहेगा । इस पार्क में कोई भी प्रोग्राम आयोजित किया जा सकेगा इसमें ग्राम इमलिया के वासियों का सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपूर्ण हो सकेगा।



## पेशी में जा रहे आरोपी ने घुमाई स्टेयरिंग, इंस्पेक्टर-कांस्टेबल घायल,भाग रहे आरोपी को आबकारी पुलिस ने पकड़ा

**रायसेन**

रायसेन जिले की नकतरा पुलिस चौकी के पास एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। इंस्पेक्टर और कांस्टेबल घायल हुए हैं। दरअसल, आबकारी पुलिस बरेली से आबकारी एक्ट के एक आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिए रायसेन ला रही थी। तभी आरोपी ने भागने की फिराक में बोलेरो की स्टेरिंग घुमा दी। जीप 10 फीट नीचे खेत में उतर गई। घटना सोमवार शाम की है। जानकारी के अनुसार, बरेली आबकारी पुलिस एसआइ राजेश



विश्वकर्मा, हेड कांस्टेबल रामगोपाल शर्मा, कांस्टेबल रामस्वरूप पटेल बोलेरो से बरेली से आरोपी शिवनारायण रघुवंशी को रायसेन ला रहे थे। नकतरा के पास आरोपी ने ड्राइवर को हाथ मारते हुए स्टेयरिंग घुमा दिया। जिससे जीप अनियंत्रित होकर खेत में उतर गई। इसमें इंस्पेक्टर सहित कांस्टेबल घायल हुए। मौका पाकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिसे कुछ देर में ही पकड़ लिया गया। रायसेन लाकर सीजेएम कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा दिया। आरोपी शिव नारायण रघुवंशी को उसकी बिना नंबर की बाइक पर अवैध रुप से 2 झोलों मे रखी 06 पेटियों में रखे 300 पावों में भरी कुल 54 बल्क लीटर देशी मसाला शराब का परिवहन करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की जा रही

**सीहोर**

जिला प्रशासन जिले का विकास, जनकल्याण और सुराज के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुंचे, यही सुशासन का मूल ध्येय है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए 31 अक्टूबर, 2022 तक विशेष अभियान चलाकर चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान कर इन योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाने का प्रयास किया जाएगा ।ताकि कोई भी पात्र हितग्राही संबंधित योजना के लाभ से वंचित न रहे। इस अभियान के प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री चन्द्र मोहन ठाकुर द्वारा संबंधित विभागों को पूर्व में ही दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 31 अक्टूबर, 2022 तक जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चलाया जा रहा है।

## स्कूल-कॉलेजों के आसपास नशीले पदार्थो की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए

**सीहोर**

जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर चंद्रमोहन ठाकुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की प्रगति, मूंग उपार्जन, सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। साथ ही कलेक्टर ठाकुर ने विभिन्न विभागों के कामकाज की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की प्रगति की जनपदवार, निकायवार, वार्ड वार एवं पंचायतवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रों पर समय सीमा में कार्यवाही करते हुए पात्र हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रथम शिविर के आयोजन के बाद जिले में 42 हजार 417 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। कलेक्टर ठाकुर ने आगामी शिविरों का कैलेंडर जारी कर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के आयोजन के पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने 25 अक्टूबर से पहले जनसेवा अभियान के तहत सभी शिविरों का आयोजन कर प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का निराकरण नहीं करने वालो की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

### कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा कर अधिकारियो की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए

**विदिशा**

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। नवीन कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर भार्गव ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की विभागवार अपेडट जानकारी ही प्राप्त नहीं की बल्कि निराकरण के मामलो में रूचि प्रदर्शित नहीं करने वाले विभागो की अधिकारियो की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर भार्गव ने कहा कि कुछ विभागों के जिलाधिकारियों सहित खण्ड स्तरीय अधिकारियों का वेतन रोकने के बावजूद उनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन के दर्ज विभागीय आवेदनों का निराकरण कराने में आशातीत सफलताएं प्राप्त नही हो रही है अतः ऐसे विभागो के अधिकारियों की अब वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के दर्ज आवेदनों का निराकरण तीव्र गति से कराने के निर्देश देते हुए तहसील



स्तर पर विशेष शिविर आयोजनो की कार्यवाहियां यथावत् जारी रखते हुए संबंधित क्षेत्रों के एसडीएमों को इन शिविरों की लीड करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि जिले में आवश्यकता के अनुसार किसानो को यूरिया की आपूर्ति समय सीमा में सुनिश्चित हो इसके लिए जिले को बंफर रेक प्राप्त हो रही है इसके लिए यूरिया वितरण की प्लानिंग तय करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि अवैध शराब की धरपकड कार्यवाही के मामलो में विदिशा जिला पूरे संभाग में सबसे नीचे है। उन्होने जिला आबकारी अधिकारी को ततसंबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए अवैध शराब की धरपकड़ कार्यवाही ताबड तोड कर अभियान के रूप में क्रियान्वित करें। कलेक्टर भार्गव ने समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि द्वितीय चरण के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि शिविर आयोजनों की जानकारियां संबंधित ग्राम पंचायत के सभी आश्रित ग्रामो के रहवासियों को अनिवार्य रूप से हो। बैठक में विभागवार निराकृत आवेदनों की जानकारियां जिलाधिकारियों के द्वारा प्रस्तुत की गई इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, अपर कलेक्टर वृदांवन सिंह के अलावा डिप्टी कलेक्टर द्वय श्रीमती आरती यादव, श्रीमती अमृता गर्ग, विदिशा एसडीएम गोपाल सिंह वर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहें। वहीं व्हीसी के माध्यम से खण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद किया गया है।

संपादकीय

## सियासी लक्ष्मण रेखा

उद्योगपति गौतम अडानी के राजस्थान में निवेश के फैसले पर राहुल गांधी की टिप्पणी आई। राहुल गांधी ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उद्योगपति अडानी के राजस्थान में निवेश करने या गहलोत सरकार के उसका स्वागत करने में कुछ भी गलत नहीं है। ऐसे में सवाल है कि बीजेपी सरकार किसी उद्योगपति से कहीं निवेश कराती है तो वह गलत और कांग्रेस सरकार कराती है तो वह सही कैसे हो सकता है। बहुचर्चित भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शनिवार को हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर वैसे तो कई वजहों से सबकी नजरें थीं, लेकिन जो सबसे बड़ी बात इससे निकली वह थी देश के एक बड़े उद्योगपति गौतम अडानी के राजस्थान में निवेश के फैसले पर आई उनकी टिप्पणी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के आखिर में हुए एक सवाल पर पार्टी के मीडिया सलाहकार जयराम रमेश की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए राहुल गांधी ने उसका जवाब दिया और साफ किया कि उद्योगपति अडानी के राजस्थान में निवेश करने या गहलोत सरकार के उसका स्वागत करने में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री अपने राज्य में 60,000 करोड़ रुपये का निवेश ठुकरा नहीं सकता, उसे ठुकराना भी नहीं चाहिए। ध्यान रहे, अब तक राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी का दोस्त बताते हुए देश के जिन दो सबसे बड़े उद्योगपतियों की नाम लेकर आलोचना करते रहे हैं, उनमें एक गौतम अडानी भी हैं। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक था कि अगर बीजेपी सरकार किसी उद्योगपति से कहीं निवेश कराती है तो वह गलत और कांग्रेस सरकार कराती है तो वह सही कैसे हो सकता है। राहुल गांधी का इस पर कहना है कि न तो वह कॉरपोरेट विरोधी हैं और न किसी उद्योगपति का कहीं निवेश करना गलत मानते हैं। उनकी आपत्ति तो राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए कुछ उद्योगपतियों को एकाधिकार स्थापित करने का मौका देने पर है। उनकी सफाई कितनी संतोषजनक है, यह एक अलग सवाल है।लेकिन इस प्रकरण का एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पक्ष भी है जिसे नियमित राजनीतिक तू-तू मैं-मैं के बीच नजरअंदाज कर देना ठीक नहीं होगा। भारतीय राजनीति की एक विशेषता रही है कि चुनावी मुकाबलों और वोट बैंक की खींचतान के बीच भी विदेश नीति, सेना और बिजनेस जैसे क्षेत्रों को इससे अलग रखा जाता रहा है। अपने देश की इंडस्ट्री ने भी हमेशा इसका ख्याल रखा है कि नीतिगत मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए भी वह चुनावी लड़ाई से सुरक्षित दूरी बनाए रखे। पिछले कुछ वर्षों में पहली बार वह दूरी समाप्त होती नजर आई। राहुल गांधी किसी प्रमुख राजनीतिक दल के ऐसे पहले नेता बने, जिन्होंने नाम लेकर कुछ उद्योगपतियों की सरकार से करीबी बताते हुए उनकी खुली आलोचना शुरू की।इससे उद्योग और राजनीति के बीच की सीमा धुंधली हो रही थी जिससे दीर्घकालिक नुकसान का खतरा पैदा हो रहा था। खुद कांग्रेस की भी छवि उद्योगविरोधी पार्टी की बन रही थी। राहुल गांधी के इस स्पष्टीकरण के बाद अब कांग्रेस की यह जिम्मेदारी होगी कि वह राजनीतिक विरोधियों पर हमला करते हुए या चुनावी आरोप-प्रत्यारोप में उलझते हुए फिर से लाइन क्रॉस करती हुई न दिखने लग जाए।

# जमा दरों में वृद्धि के मायने

*नए डीमैट खाते खोलने वालों में छोटे निवेशकों की संख्या ज्यादा है, जो यह दर्शाता है कि छोटे निवेशक अब बैंक की जगह शेयर बाजार में निवेश करने लगे हैं।निवेशकों की जमा प्रवृति में बदलाव का कारण बैंकों की जमा दरों में कमी आना और कुछ सहकारी और निजी बैंकों का विगत वर्षों में गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजरना है। बैंक में मियादी जमा सबसे सुरक्षित विकल्प माना जाता है, लेकिन पिछले सालों में निवेशकों का भरोसा बैंक पर कम हुआ है। हालांकि ग्राहकों के मन में दुबारा बैंकों के प्रति भरोसा पैदा करने के लिए सरकार ने 'डिपाजिट इंश्योरेंस' की सीमा को एक लाख से बढ़ा कर पांच लाख रुपए कर दिया है।*

ऐसे में छोटे निवेशक शेयर बाजार की जगह बैंक में फिर से निवेश करना शुरू कर सकते हैं, क्योंकि बैंक में जमा करना शेयर बाजार में निवेश करने की अपेक्षा सुरक्षित है। जमा बीमा कवर की सीमा को एक लाख से बढ़ा कर पांच लाख रुपए करने से पंचानबे फीसद से अधिक निवेशकों के बैंक में किए गए निवेश पूरी तरह से सुरक्षित हो गए हैं।महंगाई पर काबू पाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में लगातार इजाफा कर रहा है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) 4 मई, 2022 के बाद से रेपो दर में कुल 190 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर चुकी है। अब रेपो दर 5.90 फीसद के स्तर पर पहुंच गया है।

हाल में की गई मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में फिर से पचास आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। अगर महंगाई काबू में नहीं आती, तो केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत दरों में और इजाफा कर सकता है। चूंकि केंद्रीय बैंक, बैंकों को दी जाने वाली उधारी पर रेपो दर के अनुसार ब्याज लेता है, इसलिए, रेपो दर में बढ़ोतरी करने से बैंकों को महंगी दर पर पूंजी मिलती है और पूंजी की लागत अधिक होने पर बैंक उधारी पर ब्याज दर में बढ़ोतरी कर देते हैं, ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। हालांकि, उधारी दर में वृद्धि से महंगाई में कमी आने की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि जब बैंक महंगी दर पर कर्ज देते हैं तो आम आदमी और कारोबारी कर्ज लेने से परहेज करते हैं। पैसों की किल्लत की वजह से महंगे उत्पाद खरीदना मुमकिन नहीं होता, जिससे मांग में कमी आती है और जब किसी उत्पाद की मांग में कमी आती है तो उसकी कीमत में भी कमी आ जाती है। बैंक उधारी देने के लिए या तो रिजर्व बैंक से रेपो दर पर कर्ज लेते हैं या फिर अपनी जमा राशि का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए जब केंद्रीय बैंक से उधार लेना महंगा हो जाता है तो पूंजी इकट्ठा करने के लिए बैंक जमा दर में बढ़ोतरी करते हैं, ताकि अधिक ब्याज मिलने पर छोटे निवेशक बैंक में अपना पैसा जमा करें और उसका इस्तेमाल उधारी देने में किया जा सके।रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में बढ़ोतरी के बाद बैंकों ने बचत, आवर्ती और मियादी जमा दर को




बढ़ाना शुरू कर दिया है। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी होता है, क्योंकि जमा और उधारी दर के बीच के अंतर में एक निश्चित फासला हो। बैंक, जमा पर ग्राहकों को ब्याज देता है, जबकि उधारी पर उनसे ब्याज लेता है। इसलिए जमा और उधारी दर और जमा या उधारी की अवधि के बीच बैंकों को संतुलन बनाकर रखना होता है, ताकि ब्याज दर या जमा या उधारी की अवधि में ज्यादा अंतर न हो और उसकी वजह से बैंकों के समक्ष परिचालन संबंधी जोखिम खड़ा न हो।वैश्विक महामारी और बाजार में मौजूद व्यवधानों के बीच, भारतीय निवेशकों ने वित्त वर्ष 2021 में 1.42 करोड़ नए डीमैट खाते खोले, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। 31 मार्च, 2022 तक भारत में सक्रिय डीमैट खातों की संख्या 8.97 करोड़ थी, जो वित्त वर्ष 2021 की तुलना में तिरसठ फीसद अधिक है। नए डीमैट खाते खोलने वालों में छोटे निवेशकों की संख्या ज्यादा है, जो यह दर्शाता है कि छोटे निवेशक अब बैंक की जगह शेयर बाजार में निवेश करने लगे हैं।निवेशकों की जमा प्रवृत्ति में बदलाव का कारण बैंकों की जमा दरों में कमी आना और कुछ सहकारी और निजी बैंकों का विगत वर्षों में गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजरना है। बैंक में मियादी जमा सबसे सुरक्षित विकल्प माना जाता है, लेकिन पिछले सालों में निवेशकों का भरोसा बैंक पर कम हुआ है। हालांकि ग्राहकों के मन में दुबारा बैंकों के प्रति भरोसा पैदा करने के लिए सरकार ने 'डिपाजिट इंश्योरेंस' की सीमा को एक लाख से बढ़ा कर पांच लाख रुपए कर दिया है।'डिपाजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन एक्ट 1961' की धारा 16 (1) के तहत प्रत्येक जमाकर्ता के अधिकतम पांच लाख रुपए तक की जमा राशि पर बीमा कवर मिलता है। यह सुरक्षा केंद्रीय बैंक की सहायक 'डिपाजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन' (डीआइसीजीसी) द्वारा दी जाती है। यानी अगर किसी वजह से कोई बैंक डूब जाए, दिवालिया हो जाए या बैंक का लाइसेंस रद्द हो जाए तो उस स्थिति में प्रत्येक जमाकर्ता को उस बैंक में जमा पांच लाख रुपए तक की राशि का भुगतान किया जाएगा।

जमाकर्ता को, जो अधिकतम पांच लाख रुपए का बीमा कवर मिलता है, उसमें मूलधन के साथ-साथ उस पर मिलने वाला ब्याज भी शामिल होता है। अगर ग्राहक के किसी एक बैंक की अलग-अलग शाखाओं में पैसे जमा हैं तो सभी शाखाओं में जमा धनराशि को जोड़ दिया जाता है और अधिकतम पांच लाख रुपए की जमा राशि पर बीमा कवर का फायदा मिलता है। ताजा मौद्रिक समीक्षा में केंद्रीय बैंक ने अपने पुराने रुख पर कायम रहते हुए वित्त वर्ष 2023 के लिए मुद्रास्फीति के 6.7 फीसद पर रहने का अनुमान जताया है, जबकि मुद्रास्फीति की सहनशीलता सीमा पांच से छह फीसद के बीच है। इसलिए, रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत दरों में और भी बढ़ोतरी कर सकता है।

रेपो दर में वृद्धि के बाद महंगाई को नियंत्रित करने के लिए बैंकों ने उधारी दरों में वृद्धि की है, लेकिन उस अनुपात में जमा दरों में इजाफा नहीं किया है। इसलिए, कयास लगाए जा रहे हैं कि बैंक जमा दरों में भी वृद्धि करेंगे। त्योहारों के मौसम में कुछ बैंक उत्सव जमा योजना लेकर आए हैं। इस योजना के तहत जमा राशि पर एक हजार दिनों के लिए 6.1 फीसद ब्याज देने का प्रस्ताव है। वरिष्ठ नागरिकों को इसमें 0.8 फीसद का अतिरिक्त ब्याज देने का प्रस्ताव है। माना जा रहा है कि बैंक जमा दर में वृद्धि का दौर अभी जारी रहेगा। ऐसे में छोटे निवेशक शेयर बाजार की जगह बैंक में फिर से निवेश करना शुरू कर सकते हैं, क्योंकि बैंक में जमा करना, शेयर बाजार में निवेश करने की अपेक्षा सुरक्षित है। जमा बीमा कवर की सीमा को एक लाख से बढ़ा कर पांच लाख रुपए करने से पंचानबे फीसद से अधिक निवेशकों के बैंक में किए गए निवेश पूरी तरह से सुरक्षित हो गए हैं। बैंकों के लिए मौद्रिक सख्ती चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर रही है। नियामकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंकों को ब्याज दर में बढ़ोतरी करने से बचने की कोशिश करनी पड़ रही है, क्योंकि जब ब्याज दरें बढ़ती हैं तो बांड प्रतिफल बढ़ता है और उसकी कीमत में गिरावट आती है। चूंकि, नियामकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंकों को एक बड़ी राशि बांडों में निवेश करना होता है, इसलिए, बांड की कीमतों में गिरावट आने से बैंकों को होने वाला नुकसान बढ़ सकता है। चार मई के बाद से रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कुल 190 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। इसकी वजह से दस साल के बेंचमार्क सरकारी बांड का प्रतिफल 61 आधार अंक बढ़ गया, जिससे बैंकों को 11,800 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, जिसमें से 8,600 करोड़ रुपए का नुकसान सिर्फ सरकारी बैंकों को हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में छोटे निवेशकों ने बैंक की जगह शेयर बाजार में निवेश करना जरूर शुरू कर दिया था, लेकिन अब बैंक फिर से निवेश के लिए सुरक्षित और ज्यादा प्रतिफल देने वाले विकल्प बन रहे हैं।

# खड़गे के सामने नहीं टिक पा रहे शशि थरूर

अगले वर्ष मध्य प्रदेश में जब विधानसभा के चुनाव होंगे, तब वहां मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह में अच्छे से ठनेगी, इसकी आशंका भी अभी से जग गई है। कुल मिलाकर, अध्यक्ष पद का चुनाव अब दिलचस्प मोड़ पर आ चुका है।सस्पेंस और हॉरर हिंदी फिल्म की तरह हो गया है कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव। प्रत्येक घंटे कुछ ना कुछ अप्रत्याशित बदलाव हो रहे हैं। कौन नामांकन भर रहा है, कौन पीछे हट रहा है, यही ड्रामा बीते कुछ दिनों से दिल्ली के 24 अकबर रोड़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर लगाए गए राजनैतिक पंडितों के भी अभी तक के सभी कयास फेल हो गए हैं। कहानी अब मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर पर आकर रूक गई है। जबकि, शुरुआत राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हुई थी। रेस में उनके पिछड़ने के बाद कांग्रेस के दूसरे कद्दावर नेताओं जैसे दिग्विजय सिंह व कमलनाथ और ना जाने कितने धुरंधरों के



ईदगिर्द अध्यक्ष बनने की गेंद घूमती रही। पर, कहानी में घंटे-घंटे भर बाद मोड़ कुछ ऐसे आए जिससे उपरोक्त नाम एक-एक करके किनारे होते गए।

इसी दरम्यान मौजूदा अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी चुप्पी तोड़ी और अपने सबसे वफादार नेता कमलनाथ के नाम पर उन्होंने गर्दन हिलाकर स्वीकृति देकर उन्हें रात में ही भोपाल से दिल्ली तलब किया। लेकिन जब वह आए तो उन्होंने अपनी भविष्य की राजनीतिक महत्वकांक्षा सोनिया गांधी को बताकर कांग्रेस अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार से अपना नाम हटवा लिया। दरअसल, अगले साल मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां कमलनाथ खुद को मुख्यमंत्री के तौर पर देख रहे हैं। क्योंकि ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में जाने के बाद मुख्यमंत्री उम्मीदवारी में उनका नाम सबसे आगे है जिस पर दिल्ली के शीर्ष नेतृत्व की भी हामी है। हालांकि इस कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी कतार में हैं। पर, उनकी दावेदारी कई कारणों से कमलनाथ के मुकाबले कमजोर है। लेकिन, मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा उनमें भी कमलनाथ से कम नहीं है। उनके भीतर भी रात दिन मुख्यमंत्री बनने के सपने हिलोरे मारते हैं। इसी कारण उन्होंने भी कांग्रेस अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी में कुछ खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। अगले वर्ष मध्य प्रदेश में जब विधानसभा के चुनाव होंगे, तब वहां मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह में अच्छे से ठनेगी, इसकी आशंका भी अभी से जग गई है। कुल मिलाकर, अध्यक्ष पद का चुनाव अब दिलचस्प मोड़ पर आ चुका है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने अब खड़ा कौन हो पाएगा? उनके कद के नेता शशि थरूर को नहीं माना जा रहा। जबकि, कतार में अब ये दो ही बचे हैं। इस लिहाज से कहीं समय आते-आते ऐसा ना हो कि मल्लिकार्जुन खड़गे निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हो जाएं। क्योंकि कतार के तीसरे उम्मीदवार केएन त्रिपाठी का नामांकन रद्द हो चुका है। दोनों नामों पर अगर गौर करें, तो दोनों की आपस में कोई समानता नहीं।

## वायुसेना को प्रचंड हेलिकॉप्टर मिल तो गया है, पर विदेशी निर्भरता अब भी बनी हुई है



फ्रांस की इंजिन बनाने वाले कम्पनी सफ्रेन और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के संयुक्त उपक्रम से इस हेलीकॉप्टर के इंजिन को बनाया गया है। शक्ति को प्रतिकूल मौसम में अधिक ऊंचाई तक ले जाने के लिए विकसित किया गया है।

स्वदेशी तकनीक से बने हल्के युद्धक हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड भारत की सैन्य सामग्री और उपकरणों की कम होती निर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके बावजूद भारत की मंजिल अभी दूर है। भारत को अपनी सैन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर होने में लंबा सफर तय करना है। भारत का हल्का युद्धक हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड देश की सुरक्षा में बढ़ते हुए कदमों की दृढ़ता का प्रतीक है। इस हेलीकॉप्टर का निर्माण 45 प्रतिशत स्वदेशी तथा 55 प्रतिशत विदेशी पुर्जों से किया गया है।

प्रयास यह किए जा रहे हैं कि हेलीकॉप्टर की तकनीक को 55 प्रतिशत तक स्वदेशी किया जाए ताकि विदेशी निर्भरता कम हो सके। इससे इसकी लागत में भी कमी आएगी। इस हेलीकॉप्टर के इंजिन का नाम शक्ति रखा गया है।

# टोल मांगा तो गोलियां बरसाईं

## ग्वालियर में बिना टैक्स निकाल ले गया 2 कारें...

■ ग्वालियर



ग्वालियर में टोल नाके पर गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है। इसमें टोल मांगने पर एक युवक ताबड़तोड़ फायरिंग करता दिख रहा है। उसने 2 कारों को बिना टैक्स दिए निकाला। एक कार में फैमिली, दूसरी में बंदूकधारी युवक थे।ग्वालियर में बरेठा टोल पर खुलेआम गुंडागर्दी का ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज सामने आया है। टोल कर्मचारियों ने कार सवार युवक से टोल मांगा तो उसने फायरिंग कर दी। यह घटना सोमवार-मंगलवार की रात की है।काले रंग की टाटा सफारी कार सवार यह युवक किसी वीरेन्द्र तोमर के नाम से गाड़ी निकालना चाह रहा था, जब उसे टोल के कर्मचारियों ने रोका तो वह गाड़ी से राइफल निकाल लाया और इलेक्ट्रॉनिक बैरियर को निशाना बनाकर गोलियां चला दीं। उसके पास मौजूद एक कर्मचारी गोली लगने से बाल-बाल बचा। घटना की शिकायत महाराजपुरा थाने में की गई है। पुलिस पड़ताल कर रही है। महाराजपुरा थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि कारों का रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर पहचान की जा रही है।टोल पर काली कार से युवक उतरा और बेरियर सहित कर्मचारियों पर गोलियां चलाईं। एक कार में आरोपी के परिवार के लोग सवार थे तो दूसरी कार में बंदूकें लेकर लड़के चल रहे थे।

टोल पर काली कार से युवक उतरा और बेरियर सहित कर्मचारियों पर गोलियां चलाईं। एक कार में आरोपी के परिवार के लोग सवार थे तो दूसरी कार में बंदूकें लेकर लड़के चल रहे थे।

राइफल निकाली और कर दी फायरिंग

शहर के महाराजपुरा स्थित बरेठा टोल पर रात करीब 1 बजे भिंड की तरफ से दो कार आईं। एक काले रंग की टाटा सफारी और दूसरी निसान की कार थी। टोल पर पहले सफारी गाड़ी आई। टोलकर्मी ने टैक्स मांगा तो कार सवार ने गालियां देते हुए वीरेन्द्र तोमर के नाम से वहां से निकालने के लिए कहा। टोल कर्मचारी ने कहा कि कौन वीरेन्द्र तोमर। इस पर युवक को गुस्सा आ गया। उसने विवाद करते हुए बैरियर हटाया। उसने गाड़ी को निकालकर आगे खड़ी कर दी। इसी दौरान निसान कार टोल पर आई। युवक ने उसे भी बगैर टोल दिए ही निकलवा दिया। कर्मचारियों के विरोध करने पर उसने अपनी कार से राइफल निकाली और फायरिंग शुरू कर दी।

# गुना में हैंडपंप चलाने पर निकली शराब

## जमीन में 7 फीट नीचे गाड़े कई टैंक

■ गुना

मध्यप्रदेश के गुना में हैंडपंप चलाने पर पानी नहीं शराब निकली है। शराब का अवैध कारोबार करने वालों का यह कारनामा सोमवार को सामने आया जब पुलिस ने गुना के दो गांवों में छापे मारे। जैसे ही पुलिस ने मौके पर मिले हैंडपंप को चलाया, उससे शराब निकलने लगी। जब उसके नीचे खुदाई की गई तो अवैध शराब से भरी टंकियां मिली हैं। ये टंकियां जमीन में करीब 7 फीट अंदर थीं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब नष्ट की है।ये हैं गुना के चांचौड़ा और राघौगढ़ के 2 गांव। यहां की जमीन कच्ची शराब उगलती है। दरअसल, अवैध शराब बनाने वालों ने यहां 7 फीट गहरे गड्?ढों में टंकियां गाड़ रखी हैं। इसके ऊपर हैंडपंप लगा दिए हैं। इन्हीं से शराब निकालते हैं। इससे निकाली गई शराब पॉलीबैग में भरकर बेचते हैं।पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के 2 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान हजारों लीटर कच्ची शराब जब्त भी की गई। हालांकि, आरोपी भाग निकले। पुलिस ने 8 आरोपियों की पहचान कर ली है। 2 थानों में 8 केस दर्ज किए गए हैं।चांचौड़ा इलाके का भानपुरा गांव। यहां अधिकतर कंजर समुदाय के लोग रहते हैं। गांव का लगभग हर परिवार कच्ची शराब बनाने का काम करता है। इन्होंने जगह-जगह कच्ची शराब की भट्टियां लगा रखी हैं। इसी तरह राघौगढ़ इलाके का साकोन्या गांव। यहां भी बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनाई जाती है।ये दोनों गांव जंगली इलाके में हैं, इसलिए यह जगह कच्ची शराब बनाने के लिए मुख्य केंद्र बने हुए हैं। जंगल होने का फायदा पुलिस की दबिश के दौरान भी मिलता है। आरोपी फायदा उठाकर घने जंगलों में भाग जाते हैं।जब पुलिस ने जमीन में गड्ढा खोदना शुरू किया तो एक के बाद एक ड्रम निकलते गए। पुलिस ने मौके पर ड्रमों में भरी शराब को नष्ट कर दिया।जब पुलिस ने जमीन में गड्ढा खोदना शुरू किया तो एक के बाद एक ड्रम निकलते गए। पुलिस ने मौके पर ड्रमों में भरी शराब को नष्ट कर दिया।भानपुरा में चांचौड़ा स्ठ्ठह्रक्क दिव्य राजावत और साकोन्या में राघौगढ़ ीडी शर्मा के नेतृत्व में टीम ने एक साथ छापा मारा। पुलिस को देखते ही आरोपी भाग निकले। सर्चिंग के दौरान जमीन में अंदर शराब के ड्रम मिले। यहां कच्चे झोपड़ीनुमा घर बने हुए थे। में पानी का पक्का टैंक बना हुआ था। पुलिस ने खुदाई शुरू की तो एक के बाद एक कई ड्रम जमीन से निकलते गए। ड्रम के हिसाब से जमीन में गड्ढे खोदे हुए थे। हर गड्ढे की गहराई लगभग 6-7 फीट थी। इनकी चौड़ाई भी ड्रम के हिसाब से होती है। 3 फीट चौड़े ड्रम के लिए लगभग 4 फीट चौड़ा गड्ढा खोदा जाता है। इसी तरह 5 फीट चौड़ाई के ड्रम के लिए लगभग 6 फीट का गड्ढा बनाया जाता है।

## सार- समाचार

### संस्था प्रधानों की समीक्षा बैठक आयोजित

**शाजापुर।** बस स्टैंड स्थित जनशिक्षा केंद्र उमावि क्रमांक 2 शाजापुर अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक का आयोजन कर सोमवार को शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत मेपिंग तथा छात्रवृति रजिस्ट्रेशन उपरांत डीडीओ लॉक्ड करने, ऊर्जा साक्षरता में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों का पंजीयन, प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रमाण पत्र प्राप्त करने, प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं में इंग्लिश ओलंपियाड में पंजीयन करने, माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की एनएमएमएस परीक्षा की तैयारियां, इंस्पायर अवार्ड में शत प्रतिशत आइडिया अपलोड करने, मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत खाद्यान्न उठाव को सुनिश्चित करने, प्रौढ़ शिक्षा एप पर वार्ड तथा बसाहट के समस्त असाक्षरों को पंजीकृत करने, निर्धारित पूरे समय विद्यालय संचाल और विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता वृद्धि से संबंधित वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों से अवगत करवाया गया।

### जिले में नशे के विरूद्ध अभियान के तहत की गई बड़ी कार्रवाई

**शाजापुर ।** सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में नशे के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शाजापुर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक शाजापुर जगदीश डाबर के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल के मार्गदर्शन में रविवार रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में 01 प्रकरण और आबकारी एक्ट में 19 प्रकरण तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई में 01 प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही अवैध मादक पदार्थों का नशा कराने वाले 29 स्थानों एवं अवैध शराब पीने-पिलाने वाले 60 स्थानों को चैक किया गया। साथ ही नशे के विरुद्ध जिले में 05 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशे के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### गुरु गौतम स्वामी भगवान का हुआ महापूजन

**शाजापुर ।** ओसवाल सेरी स्थित जैन उपाश्रय में सोमवार को 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के प्रथम गणधर गुरु गौतम स्वामी भगवान की महापूजन का आयोजन किया गया। साध्वी शुद्धि प्रसन्ना श्रीजी की सुशिष्या प्रवृद्धि श्रीजी एवं समृद्धि श्रीजी मसा के सानिध्य में नगर में भव्य अष्टानिह्का महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत मनोजकुमार सम्यक कुमार जैन परिवार ने गुरु गौतम स्वामी की महापूजन का लाभ लिया। इसमें लाभार्थी परिवार एवं समाजजनों ने विभिन्न सामग्रियों अगरबत्ती, धूप, वासक्षेप, फल, मिठाई एवं यंत्र से गौतम स्वामी का पूजन किया। पूजन शुभ मुहूर्त में दोपहर 12.39 बजे प्रारंभ हुई। इस मौके पर गौतम स्वामी के विभिन्न मंत्रों का जाप भी किया गया। तीन घंटे से ज्यादा समय तक चली इस पूजन में खाचरौद से आए विधिकारक पंकज भाई, वात्सल्य भाई चौपड़ा ने संगीतमय मंत्रों के साथ विधि-विधान से पूजा सम्पन्न करायी।

### बाघ का पंजा काटने वाले अब भी विभाग के पंजे से बाहर

**छिंदवाड़ा।** पूर्व वनमंडल की चौरई रेंज के हिर्री में बाघ का करंट लगाकर शिकार करने वाले तीन आरोपियों को विभाग ने पकड़ लिया है। इसके साथ लापरवाही सामने आने पर दो कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी कर दी गई है। लेकिन विभाग के पंजे से वह आरोपी अब भी बाहर है जिन्होंने शिकार के बाद बाघ के दाहिने पैर का पंजा काटा था। शिकार की घटना को एक पखवाडे का वक्त होने को है इतने समय में भी विभाग आरोपियों का सुराग नहीं लगा सका है। इससे साफ जाहिर होता है कि वन्यप्राणियों के संरक्षण और जंगलों की सुरक्षा में विभाग के दावे खोखले है।

# विक्टोरिया हॉस्पिटल में गंदगी देख भड़के कलेक्टर

*__जबलपुर।__ जबलपुर कलेक्टर इलैयाराजा टी आज अचानक जिला चिकित्सालय विक्टोरिया पहुंचे। जहां उन्होंने विक्टोरिया हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाडो का भी भ्रमण किया। वार्ड में भ्रमण के दौरान कलेक्टर साफ सफाई व्यवस्था को देख भड़क उठे। जहां उन्होंने तत्काल ही आउट सोर्स पर नियुक्त दो एजेंसी पर 20 हजार का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही साइकिल स्टैंड पर भी 10 हजार का जुर्माना लगाया। उन्होंने सफाई व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर व्यवस्था को सुधारने का अल्टीमेटम भी दिया। कलेक्टर ने जिला अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकों और स्टाफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने की भी हिदायत दी साथ ही उन्होंने डाक्टर और स्टाफ को यूनिफॉर्म में ही ड्यूटी पर मौजूद रहने की सख्त हिदायत भी दी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा वादों के भीतर रिनोवेशन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा जिसमें वादों के बाहरी हिस्से की मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।*



















# यूपी और कर्नाटक पुरुष हॉकी के फाइनल में, खिताबी मुकाबले में ललित-सुनील होंगे आमने-सामने

एजेंसी ■ अहमदाबाद

अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय की अगुवाई में खेल रहे उत्तर प्रदेश ने खिताब की प्रबल दावेदार महाराष्ट्र को सडनडेथ में 3-2 से हराकर हॉकी के फाइनल में जगह बना ली। यूपी को यह जीत गोलकीपर प्रशांत कुमार के शानदार प्रदर्शन की वजह से मिली।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों से सुसज्जित हरियाणा को एसवी सुनील की कप्तानी वाली कर्नाटक ने 3-1 से हराकर फाइनल में यूपी से भिडने का अधिकार हासिल किया। मलखंब में महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण जीतकर अपना दबदबा बनाया। युवराज और देवेंद्र वाल्मिकि जैसे खिलाड़ियों से युक्त महाराष्ट्र ने यूपी पर शुरुआत में दबाव बनाया, लेकिन सुमित ने लगभग 180 डिग्री से गोलकर यूपी को बढ़त दिलाई। सुनील यादव ने ड्रैग फ्लिक पर दूसरा गोल किया। हॉफ टाइम तक यूपी 2-0 की बढ़त पर थी, लेकिन यहां से महाराष्ट्र ने जबरदस्त वापसी की। मनीष यादव ने यूपी केलिए तीसरा गोल किया, लेकिन अनिकेत गुरब ने दो और सैयद नियाज रहीम ने गोलकर महाराष्ट्र को 3-3 की बराबरी दिला दी। शूट आउट में भी मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा, लेकिन सडन डेथ में ललित उपाध्याय ने गोल किया और प्रशांत ने महाराष्ट्र का प्रयास विफल कर यूपी को जीत दिला दी। दूसरे सेमीफाइनल में कर्नाटक को चौथे ही मिनट में अभरन सूदेव ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे क्वार्टर में कोहिनूरप्रीत सिंह ने गोल कर हरियाणा को 1-1 की बराबरी दिला दी। चौथे क्वार्टर में कर्नाटक ने धावा बोला निकिन थिमैय्या (47) और हरीश कुमार (51) ने गोल कर कर्नाटक को जीत दिला दी। मलखंब में महाराष्ट्र ने दबदबा बनाया। आलराउंड मुकाबलों में अक्षय प्रकाश ने अपने ही साथी शुभांकर विनय को हराकर स्वर्ण जीता। महिलाओं के वर्ग में रूपाली ने अपनी ही साथी जाह्नवी को हराकर स्वर्ण जीता। महिला फुटबॉल का कांस्य तमिलनाडु ने असम को 5-1 से हराकर जीता। वहीं, सॉफ्ट टेनिस का पुरुष फाइनल मध्य प्रदेश के जय मीना और दिल्ली के जितेंदर मेहता के बीच होगा। वहीं महिलाओं का स्वर्ण तमिलनाडु की राहश्री बाबू ने मध्य प्रदेश की आध्या तिवारी को 4-2, 4-2, 4-1 से हराकर जीता। हरियाणा की निकिता बिश्नोई को कांस्य मिला।





## रोजर बिन्नी ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा, निर्विरोध जीत सकते हैं चुनाव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया है कि रोजर बिन्नी बीसीसीआई के नए अध्यक्ष हो सकते हैं। 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे रोजर बिन्नी ने मंगलवार को बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। 67 साल के बिन्नी अब तक इस पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार हैं। यदि कोई और उम्मीदवार नहीं नामांकन नहीं करता है, तो वह 18 अक्तूबर को मुंबई में बोर्ड की सालाना बैठक नए अध्यक्ष बन सकते हैं। बिन्नी सौरव गांगुली की जगह लेंगे। सूत्रों के अनुसार लगातार बातचीत और बैठक के बाद बीसीसीआई के सदस्यों ने बिन्नी को 36वें बोर्ड अध्यक्ष के रूप में चुनने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह ने भी नामांकन दाखिल किया है और अगर कोई और उम्मीदवार नहीं आता है तो वह लगातार दूसरी बार बीसीसीआई सचिव चुने जाएंगे। वह आईसीसी बोर्ड में भारत के प्रतिनिधि के रूप में गांगुली की जगह भी ले सकते हैं।



## दुष्कर्म मामले में संदीप लामिछाने सात दिन पुलिस कस्टडी में



एजेंसी ❑ काठमांडू

काठमांडू जिला अदालत ने सोमवार को बलात्कार के आरोपी नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को सात दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। लामिछाने को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। 22 वर्षीय क्रिकेट स्टार को पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कम उम्र में राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व किया और 6 अक्तूबर को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर नाबालिग से दुष्कर्म मामले में नेपाल पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। संदीप लामिछाने पर 17 साल की एक लड़की ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। नाबालिग का आरोप है कि लामिछाने ने उन्हें 21 अगस्त को काठमांडू और भक्तपुर के विभिन्न स्थानों पर घुमाया। इसके बाद काठमांडू के सिनामंगल के एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। इस शिकायत के बाद लामिछाने को नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान पद से निलंबित कर दिया गया था।

# रोजर बिन्नी अध्यक्ष और जय शाह सचिव पद के लिए कर सकते हैं नामांकन, चुनाव प्रक्रिया शुरू

एजेंसी ❑ मुंबई

बीसीसीआई में प्रमुख पदों के लिए चुनाव की प्रक्रिया मंगलवार (11 अक्तूबर) से शुरू हो गई है। इस दौरान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद के लिए चुनाव होंगे। 11 और 12 अक्तूबर को इन पदों के लिए नामांकन होगा। 13 अक्तूबर को फॉर्म की जांच की जाएगी। फिर 18 अक्तूबर को चुनाव होगा। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व क्रिकेटर रोजर बिन्नी का नाम सबसे आगे हैं। वहीं, वर्तमान सचिव जय शाह इसी पद के लिए फिर से अपना नामांकन कर सकते हैं। राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष पद के दावेदार हो सकते हैं। वहीं, समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भाजपा विधायक आशीष शेलार कोषाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी ठोक सकते हैं। फिलहाल अरुण धूमल कोषाध्यक्ष हैं और उन्हें आईपीएल चेयरमैन बनाए जाने की संभावना है। संयुक्त सचिव पद के लिए देबोजित शौकिया नामांकन कर सकते हैं। सोमवार रात बीसीसीआई के सभी पदाधिकारी मुंबई के लिए रवाना हुए थे। इस बैठक में पदाधिकारियों और पदों पर सभी अहम फैसले लिए जाएंगे। अभी तक बोर्ड के पदाधिकारियों पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। सौरव गांगुली बीसीसीआई के वर्तमान अध्यक्ष हैं, लेकिन वह चुनाव लड़ेंगे या नहीं, इस पर अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। इन सभी मामलों पर बातचीत हो सकती है। कहा यह जा रहा है कि गांगुली को आईपीएल चेयमैन का पद ऑफर किया जा रहा है, लेकिन वह आईसीसी चेयरमैन के लिए अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले गुरुवार को भी बोर्ड के कई दिग्गजों ने अहम बैठक की थी। दिल्ली में हुई मीटिंग में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली, सचिव जय शाह, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन, कोषाध्यक्ष अरुण धूमल, आईपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल समेत कई बड़े अधिकारी शामिल हुए थे। गांगुली ने 23 अक्तूबर 2019 को बीसीसीआई अध्यक्ष का पद संभाला था। वहीं, जय शाह 24 अक्तूबर 2019 को बीसीसीआई के सचिव बने थे। दोनों का कार्यकाल अक्तूबर 2022 में खत्म हो रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी पर बीसीसीआई से जुड़े संविधान में संशोधन भी किया गया है। इसके मुताबिक, गांगुली और जय शाह दोनों चाहें तो कार्यकाल 2025 तक जारी रख सकते हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गांगुली अपने पद से हटने वाले हैं।





## *मैच के दौरान मैदान में घुसा कुत्ता, आपस में भिड़े अफ्रीकी खिलाड़ी*

***नई दिल्ली।*** *भारत ने वनडे सीरीज के तीसरे और निर्णायक मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज भी 2-1 से अपने नाम कर ली। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 100 रन का लक्ष्य रखा था और टीम इंडिया ने 19.1 ओवर में तीन विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने चार विकेट झटके। इस मैच के दौरान एक कुत्ता मैदान में घुस आया। इस समय भारतीय टीम फील्डिंग कर रही थी। हालांकि, जल्द ही उसे मैदान से बाहर कर दिया गया, लेकिन अव्यवस्था को लेकर बीसीसीआई की काफी आलोचना हुई। इस मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी आपस में टकरा गए। मैच की दूसरी पारी के दौरान फोर्टूइन और यानेमन मलान आपस में टकरा गए। हालांकि, गनीमत रही कि इस टक्कर में किसी खिलाड़ी को गंभीर चोट नहीं लगी। श्रेयस अय्यर ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 23 गेंद में नाबाद 28 रन बनाए। उनकी इस पारी में तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने छक्के के साथ ही मैच खत्म किया। वनडे में श्रेयस अय्यर शानदार फॉर्म में हैं और इस सीरीज में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।*

# अंडर-17 महिला फीफा विश्वकप शुरु भारत सहित 16 टीमें लेंगी हिस्सा

एजेंसी ❑ भुवनेश्वर



फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप में मेजबान भारत मंगलवार को यहां 2008 की उपविजेता और महिला फुटबाल में नंबर एक अमेरिका के खिलाफ जब अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी कोशिश इस मजबूत टीम को कड़ी टक्कर देने की होगी।

भारत ने मेजबान के रूप में 16 टीमों के इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। भारत के अलावा मोरक्को और तंजानिया इस टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली टीमों में हैं। भारतीय टीम ग्रुप ए में है, जहां अमेरिका और मोरक्को के अलावा ब्राजील है। अस्तम ओरांव की कप्तानी वाली भारतीय टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वे हैं, जिन्होंने अंडर-18 महिला सैफ चैंपियनशिप जीती थी। टूर्नामेंट की श्रेष्ठ स्कोरर रहीं लिंडाकॉम सेरतो पर इस बार भी आक्रमण का दारोमदार रहेगा। विंगर के रूप में अनीता और नीतू लिंडा होंगी। मिडफील्ड में शिल्की देवी पर जिम्मेदारी होगी।

अमेरिका की टीम लगातार तीसरी और कुल 5वीं बार हिस्सा ले रही है। हम लोग बहुत खुश हैं कि हमारे खिलाफ अमेरिका जैसी मजबूत टीम है। मैच में हम पूरी शक्ति के साथ उतरेंगे। परिणाम के बजाय हमारा ध्यान अपना अच्छा प्रदर्शन करने पर है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट से पहले इटली, नॉर्वे और स्पेन का दौरा किया है। हालांकि उसने यूरोप और दक्षिण अमेरिका की मजबूत टीमों के खिलाफ नहीं खेला है। मुख्य कोच डेनेर्बी ने कहा, 'अमेरिका का पलड़ा भारी होगा लेकिन कागजों पर। फुटबाल 90 से 95 मिनट तक खेला जाता है और हम अमेरिका को हरा सकते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका को वनडे सीरीज में हराने के बाद जमकर नाची टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को टी20 सीरीज के बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी हरा दिया। उसने मंगलवार (11 अक्तूबर) को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेहमान टीम को सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया। जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर डांस किया। सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया।

इसमें टीम के ज्यादातर खिलाड़ी डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें धवन सबसे आगे हैं। खिलाड़ियों ने मशहूर गायक दलेर मेहंदी के गाने बोलो ता रा रा रा पर ठुमके लगाए। धवन के साथ कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज के स्टेप्स ने लोगों के दिल जीत लिए। वहीं, ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर और रवि बिश्नोई टेबल पर चढ़कर डांस कर रहे थे। डांस के दौरान खिलाड़ी तौलिए उड़ाते हुए नजर आए। पीछे खड़े खिलाड़ियों ने आगे की ओर तौलिया फेंका। धवन ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जीत के बोलो तारा रा रा। टीम इंडिया ने इससे पहले जिम्बाब्वे में सीरीज जीतने के बाद जमकर डांस किया था। तब काला चश्मा गाने पर शुभमन गिल के अंदाज ने लोगों का दिल जीता था।



### मैच में क्या हुआ?

इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 100 रन का लक्ष्य रखा था और टीम इंडिया ने 19.1 ओवर में तीन विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने चार विकेट झटके। टीम इंडिया 12 साल बाद दक्षिण अफ्रीका से अपने घर में कोई वनडे सीरीज जीती है। इस मैच में डेविड मिलर ने दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की और अफ्रीका पहली टीम बनी, जिसने तीन मैचों की वनडे सीरीज में तीन अलग-अलग कप्तान मैदान में उतारे हैं।

## स्विट्जरलैंड ने भारत समेत 101 देशों के साथ करीब 34 लाख वित्तीय खातों का ब्योरा साझा किया

# भारत को स्विट्जरलैंड से अपने नागरिकों के बैंक खातों की चौथी लिस्ट मिली

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

भारत को स्विट्जरलैंड के साथ सूचना के स्वत: आदान-प्रदान व्यवस्था के तहत अपने नागरिकों और संगठनों के स्विस बैंक खातों के बारे में लगातार चौथे साल जानकारी मिली है। स्विट्जरलैंड ने भारत समेत 101 देशों के साथ करीब 34 लाख वित्तीय खातों का ब्योरा साझा किया है। अधिकारियों ने कहा कि भारत के साथ सैकड़ों वित्तीय खातों से संबंधित ब्योरा साझा किया गया है। इसमें कुछ लोगों, कंपनियों और न्यासों के खाते शामिल हैं।

हालांकि, उन्होंने सूचना के आदान-प्रदान के तहत गोपनीयता के प्रावधान का हवाला देते हुए विस्तृत जानकारी नहीं दी क्योंकि इसका आगे की जांच पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अधिकारियों ने कहा कि चोरी के संदिग्ध मामलों और धन शोधन तथा आतंकवाद के वित्तपोषण समेत अन्य गड़बड़ियों की जांच में आंकड़ों का उपयोग किया जा सकेगा।

संघीय कर प्रशासन (एफटीए) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस साल सूचनाओं के आदान-प्रदान से सूची में पांच नये क्षेत्र... अल्बानिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, नाइजीरिया, पेरू और तुर्की...शामिल किये गये हैं। वित्तीय खातों की संख्या में लगभग एक लाख का इजाफा हुआ है। सूचना का आदान-




प्रदान 74 देशों के साथ हुआ। इन देशों से स्विट्जरलैंड को भी सूचना प्राप्त हुई। लेकिन रूस समेत 27 देशों के मामले में कोई सूचना नहीं दी गई है। इसका कारण या तो इन देशों ने अभी तक गोपनीयता और आंकड़ों की सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा नहीं किया है अथवा उन्होंने आंकड़े प्राप्त नहीं करने का विकल्प चुना है।

हालांकि, एफटीए ने 101 देशों के नामों और अन्य जानकारी का खुलासा नहीं किया है। लेकिन अधिकारियों ने कहा कि भारत उन देशों में प्रमुखता से शामिल है, जिसे लगातार चौथे साल स्विस वित्तीय संस्थानों में व्यक्तियों और संगठनों के खातों के बारे में सूचना दी गयी है। अधिकारियों के अनुसार, सूचना का आदान-प्रदान पिछले महीने हुआ और स्विट्जरलैंड अब अगले साल सितंबर में सूचना साझा करेगा। भारत को सबसे पहले स्विट्जरलैंड से सूचना के स्वत: आदान-प्रदान की व्यवस्था के साथ सितंबर, 2019 में आंकड़े मिले थे। वह उस समय 75 देशों में शामिल था, जिसे सूचना उपलब्ध करायी गयी थी। पिछले साल, भारत सूचना प्राप्त करने वाले 86 देशों की सूची में शामिल था।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के लिए सूचना के स्वत: आदान-प्रदान की व्यवस्था के तहत प्राप्त आंकड़े उन लोगों के खिलाफ मजबूती से मामला चलाने को उपयोगी रहे हैं, जिनके पास बेहिसाब संपत्ति है। क्योंकि इससे जमा और धन के अंतरण के बारे में पूरा ब्योरा मिल जाता है। साथ ही प्रतिभूतियों और अन्य संपत्तियों में निवेश के जरिये प्राप्त कमाई समेत अन्य आय के बारे में जानकारी मिल जाती है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि ब्योरा प्रवासी भारतीयों समेत कारोबारियों से जुड़ा है। ये प्रवासी अब कई दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन और कुछ अफ्रीकी देशों तथा दक्षिण अमेरिकी देशों में बस गये हैं। स्विट्जरलैंड लंबी प्रक्रिया के बाद भारत के साथ सूचना के स्वत: आदान-प्रदान को राजी हुआ था। इसमें भारत में आंकड़ों के संरक्षण और गोपनीयता को लेकर कानूनी ढांचे समेत अन्य चीजों की समीक्षा शामिल थी। साझा किये गये ब्योरे में पहचान, खाता और वित्तीय जानकारी शामिल है। इसमें नाम, पता, निवास वाले देश का नाम और कर पहचान संख्या के साथ-साथ खाते में राशि और पूंजीगत आय से संबंधित सूचना शामिल हैं।

## बाजार में तीन दिनों से जारी गिरावट पर ब्रेक, सेंसेक्स 100 अंक उछला, निफ्टी 17000 के पार



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में लगातार तीन दिनों से जारी गिरावट बुधवार को थम गई। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 100 अंकों की मजबूती के खुला। वहीं, दूसरी ओर निफ्टी भी 17000 के ऊपर पहुंच गया।फिलहाल सेंसेक्स 204.42 अंकों की बढ़त के साथ 57,351.74 अंकों पर तो निफ्टी 67.75 अंकों की बढ़त के साथ 17,051.30 अंकों पर कारोबार कर रहा है। नतीजों के पहले एचसीएल टेक के शेयरों में दो प्रतिशत का उछाल नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार के दिन भी सुस्ती नजर आई। भारी उतार-चढ़ाव के बीच डाऊ जोंस 36 अंक चढ़र 29239 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डैक लगातार पांचवें दिन 115 अंक गिरकर दो वर्षों के निचले स्तर पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 0.65 अंकों की गिरावट आई। जबकि एसजीएक्स निफ्टी 50 अंकों की बढ़त के साथ 17000 के लेवल पर बंद हुआ। इस दौरान डाऊ फ्यूचर्स करीब 80 अंक मजबूत हुआ।

# आरबीआई ने सेवा विकास सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द किया

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि उसने पुणे स्थित सेवा विकास सहकारी बैंक लिमिटेड भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि उसने पुणे स्थित सेवा विकास सहकारी बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है क्योंकि ऋणदाता के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं बची हैं। आरबीआई की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि 10 अक्टूबर को कारोबार बंद होने के बाद बैंक अपना कारोबार पूरी तरह बंद कर देगा।




बैंक की ओर से प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार लगभग 99 प्रतिशत जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से अपनी पूरी जमा राशि प्राप्त करने के हकदार होंगे। बता दें कि 14 सितंबर तक डीआईसीजीसी ने कुल बीमित जमा राशि का 152.36 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। आरबीआई की ओर से कहा गया है कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से यह भी बताया गया है कि बैंक अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के साथ अपने वर्तमान जमाकर्ताओं को पूरा भुगतान करने में असमर्थ होगा। आरबीआई ने कहा कि सेवा विकास सहकारी बैंक को बैंकिंग व्यवसाय का संचालन करने से प्रतिबंधित किया गया है। इनमें तत्काल प्रभाव से जमा स्वीकार करना और जमा की चुकौती (भुगतान) करना शामिल है।

आरबीआई के अनुसार महाराष्ट्र के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को भी बैंक को बंद करने और बैंक के लिए एक परिसमापक (लिक्विडेटर) नियुक्त करने का आदेश जारी करने के लिए कहा गया है। बैंक के लिक्विडेशन के बाद प्रत्येक जमाकर्ता डीआईसीजीसी से अपनी जमा राशि की 5 लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

# सोना 543 रुपए लुढ़का, चांदी में 2121 रुपए की आई गिरावट




**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को इसकी कीमतें 543 रुपये गिरकर 51,625 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। पिछले कारोबारी सेशन में पीली धातु 52,168 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार सोमवार को सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें भी लुढ़गए गईं हैं। चांदी 61,846 रुपये प्रति किलोग्राम से 2,121 रुपये की गिरावट के साथ 59,725 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अंतराष्ट्रीय बाजार में सोना लाल रंग में कारोबार करते हुए 1,683.05 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी 19.74 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती दिखी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट दिलीप परमार के अनुसार अमेरिका में नौकरियों के मजबूत आंकड़ों ने आंकड़ों ने बाजार में महंगाई की चिंता को तेज कर दिया है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी के साथ और अधिक आक्रामक होगा। उन्होंने कहा कि बढ़ती दरें निवेश के रूप में सोने को कम आकर्षक बनाती हैं।

## सोने की कीमतें 343 रुपये फिसली, चांदी 1071 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतो में मंगलवार को गिरावट दिखी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोना 343 रुपये सस्ता होकर 51,105 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में कमी आने से घरेलू बाजार में सोना सस्ता हुआ है। इससे पिछले कारोबारी सेशन में सोना 51,448 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी की कीमतों में भी मंगलवार को गिरावट आई है। चांदी 1071 रुपये लुढ़ककर 58,652 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इससे पिछले कारोबारी सेशन में यह 59,723 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही थी। अंतराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,664.3 डॉलर प्रति औंस और चांदी की गिरावट के साथ 19.34 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

# मूडीज ने पड़ोसी देश के बैंकों की रेटिंग्स में किया ये बदलाव

**नई दिल्ली।** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने पांच पाकिस्तानी बैंकों की लंबी अवधि की जमा रेटिंग को बी3 से घटाकर सीएए1 कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने पांच बैंकों की लंबी अवधि की विदेशी मुद्रा काउंटरपार्टी रिस्क रेटिंग (सीआरआर) को भी बी3 से घटाकर सीएए1 करने का फैसला लिया है। जिन बैंकों की रेटिंग को डाउनग्रेड करने का फैसला लिया गया है उनमें एलाइड बैंक लिमिटेड (एबीएल), हबीब बैंक लिमिटेड (एचबीएल), एमसीबी बैंक लिमिटेड (एमसीबी), नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान (एनबीपी) और यूनाइटेड बैंक लिमिटेड (यूबीएल) आदि शामिल हैं। मूडीज ने एक बयान में कहा है कि रेटिंग से जुड़े इस कार्रवाई में मूडीज ने एबीएल, एमसीबी और यूबीएल के बेसलाइन क्रेडिट असेसमेंट (बीसीए) को बी3 से सीएए1 तक कम कर दिया है। इसके साथ ही स्थानीय-मुद्रा दीर्घकालिक सीआरआर को भी बी2 से बी3 तक डाउनग्रेड कर दिया गया है। साथ ही मूडीज की ओर से यह भी कहा गया है कि सभी बैंकों की जमा रेटिंग नकारात्मक बनी हुई है। आर्थिक मामलों के जानकारों के अनुसार मूडीज की ओर से पाकिस्तान के बैंकों की डाउनग्रेडिंग बैंकों को मजबूती देने के लिए सरकार की कम क्षमता को दर्शाता है, इससे उन बैंकों की स्थिति प्रभावित हुई है जिनकी रेटिंग सरकारी समर्थन से लाभान्वित होती है। घटी हुई रेटिंग बैंकों की बैलेंस शीट और सॉवरेन क्रेडिट जोखिम के बीच उच्च क्रेडिट लिंकेज को भी दर्शाती है।

# सहकारी बैंक से धोखाधड़ी में 33 के खिलाफ मामला दर्ज, 6.3 करोड़ रुपये से अधिक की हुई गड़बड़ी

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में गृह ऋण की खरीद के लिए फर्जी दस्तावेज जमा कर एक सहकारी बैंक को कथित तौर पर 6.3 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा है कि कल्याण शहर में बैंक की शाखा के एक अधिकारी की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के




आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि यह अपराध कथित तौर पर 2021 से 26 घर खरीदारों, चार बिल्डरों, एक रियल एस्टेट सलाहकार, एक आवास ऋण सलाहकार और फ्लैटों के मूल्यांकनकर्ता की ओर से किया गया था।अधिकारी ने कहा कि रियल एस्टेट सलाहकार ने कथित तौर पर होम लोन के लिए फर्जी दस्तावेजों की सुविधा दी थी, जबकि बिल्डरों ने पुनर्विक्रय फ्लैटों की लागत बढ़ा दी थी।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )